**PRINT**

# हिन्दुस्तान

| National News Paper | Edition : Jharkhand | Circultion: 61883 |
|---|---|---|
| Date: 20.07.2026 | Page No. -- | Serial No.: |

### सीआईएसएफ ने कोयला चोरी के खिलाफ तेज की कार्रवाई, 21 शिकायतें दर्ज

# तीन हफ्तों में एक करोड़ रुपये का 1800 मीट्रिक टन कोयला जब्त

**सख्ती**

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड में अवैध कोयला खनन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर शुरू किए गए जीरो कोल लीकेज अभियान के तहत सीआईएसएफ ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अभियान शुरू होने के पिछले तीन हफ्तों के दौरान अपने सुरक्षा घेरे में आने वाले कोयला क्षेत्रों में चलाए गए सघन अभियानों के दौरान लगभग ₹1.08 करोड़ मूल्य का 1,798.725 मीट्रिक टन अवैध रूप से खनन किया गया, संग्रहीत या परिवहन किया जा रहा कोयला जब्त किया है।

इस अभियान के दौरान, सीआईएसएफ ने कोयले के अवैध परिवहन में इस्तेमाल होने वाले 84 वाहनों को भी जब्त किया है, जिनमें भारी-भरकम हाईवा ट्रक और मॉडिफाइड मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इसके साथ ही अवैध खनन और कोयला तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ 21 सीधी शिकायत दर्ज की गई हैं।

यह तेज कार्रवाई 05 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद शुरू हुई है। इस बैठक के दौरान गृह मंत्रालय ने देश के कोयला संसाधनों के अवैध निष्कर्षण, चोरी और संगठित लूट को रोकने तथा जीरो कोल लीकेज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्रित और समयबद्ध कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

सीआईएसएफ के डीजी ने कहा है कि सीआईएसएफ जीरो कोल लीकेज के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए कोयला कंपनियों, स्थानीय प्रशासन और अन्य हितधारक एजेंसियों के समन्वय में खुफिया जानकारी आधारित अभियान, तकनीक-सक्षम निगरानी और अपनी वैधानिक शक्तियों का प्रवर्तन जारी रखेगा।



गृह मंत्रालय के जीरो कोल लीकेज अभियान के तहत बल ने बढ़ाई सख्ती

**कहां-कहां हुई बरामदगी**

अभियान के दौरान सीआईएसफ ने बीसीसीएल धनबाद से 1,063.91 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया। वहीं, ईसीएल शीतलपुर से 450.13 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया। सीसीएल रांची और सीएमपीएच से 284.715 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया गया है। सीआइएसएफ के द्वारा बताया गया है कि संवेदनशील स्थानों की पहचान करने और अवैध खनन व परिवहन नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए मानवीय खुफिया जानकारी (ह्यूमन इंटेलिजेंस), सीसीटीवी निगरानी, कोयले की आवाजाही की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और समन्वित जमीनी कार्रवाई का संयोजन किया गया है। 84 वाहनों की जब्ती कोयला चोरी के लिए अपनाए जा रहे विभिन्न तरीकों को भी उजागर करती है। भारी वाहनों के अलावा, मोटरसाइकिलों का उपयोग अवैध रूप से खनन किए गए कोयले की छोटी मात्रा को अनधिकृत और कठिन निगरानी वाले मार्गों से ले जाने के लिए किया जा रहा है।